**Regarding widening of Master Plan Road passing through Jaunapur-Madi area in South Delhi Parliamentary Constituency-laid**

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी **(**दक्षिण दिल्ली**) :** दक्षिण दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के जौनापुर-माडी से गुजरने वाली मास्टर प्लान रोड को चौड़ा न करने में हजारों लोगों को प्रतिदिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । इस रोड की चौड़ाई 30 फुट है और मास्टर प्लान 2021 में इसे 200 फुट चौड़ा करने का प्रावधान था लेकिन ऐसा नहीं किया गया । यह रोड महरौली-गुडगाव रोड से होती हुई फरीदाबाद गुड़गांव रोड को जोड़ती है । इस रोड पर यातायात का दबाव बहुत ही ज्यादा है । ट्रैफिक की इतनी भीड़ के कारण यहां कई हादसे हो चुके हैं । लोगों को घटों जाम में फंसे रहना पड़ता है । यहां तक कि ऐसी घटना भी हुई है कि एम्बुलेंस के जाम में फँसने के कारण मरीज की मौत हो गई ।

इस रोड को चौड़ा करने के लिए उपराज्यपाल महोदय ने दिल्ली सरकार को कई बार निर्देश दिए है लेकिन दिल्ली सरकार इस सड़क की तरफ ध्यान नहीं दे रहीं । दस साल पहले जो सड़क बन जानी चाहिए थी, अभी तक नहीं बनी है । मेरा केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री महोदय से अनुरोध है कि इस समस्या का तुरंत समाधान करने के लिए वह दिल्ली सरकार से कोई सार्थक उपाय करने के लिए करें ताकि मास्टर प्लान के अनुसार इस रोड को चौड़ा किया जा सके ।